# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in


## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

***दिनांक- 20.09.2025***

**◆थाना भदोही पुलिस द्वारा फर्जी कम्पनी स्थापित कर षडयंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर रुपयो की ठगी करने का ₹5000/- इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार**

जनपद में हो रहें धोखाधड़ी/ठगी जैसे अपराध की रोकथाम हेतु श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में एवं श्री शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में पंजीकृत अभियोगों को अभियान के तहत साक्ष्य संकलन एकत्रित कर सफल अनावरण हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 290/21 धारा 419/420/467/468/471/406/120 बी आईपीसी वादी मुकदमा श्री नेमलाल पुत्र स्व0 रामधनी प्रजापति नि0 जगापुर थाना जनपद भदोही के साथ अभियुक्त द्वारा फर्जी कम्पनी स्थापित कर षडयंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एजेन्ट के माध्यम से कम्पनी पर पैसा जमा करा लेना एवं कम्पनी बंद करके भाग जाना व पैसा वापस न करने के सम्बन्ध में था। मुकदमा उपरोक्त में दौराने विवेचना अभियुक्त संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र क्षमाकान्त पाण्डेय निवासी नहोरा परसाईपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा **₹5000/- इनाम घोषित** किया गया था। आज दिनांक 20.09.2025 को समय 14.00 बजे नेश्नल तिराहा से गिरफ्तार करके मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रिमाण्ड बनवाकर जेल भेजा गया है।

**अपराध का तरीका :-**

संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र क्षमाकान्त पाण्डेय निवासी नहोरा परसाईपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर द्वारा कंसरायपुर में रहकर फर्जी कम्पनी स्थापित कर षडयंत्र के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर एजेन्ट के माध्यम से कम्पनी पर पैसा जमा कराकर कम्पनी बंद करके पैसे लेकर भाग जाना।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-पता:-**

संतोष कुमार पाण्डेय पुत्र क्षमाकान्त पाण्डेय निवासी नहोरा परसाईपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

1 मु0अ0स0 1349/2017 धारा 419,420,467,468,471,120 बी भादिव थाना लाईन बाजार जनपद जौनपुर

2 मु0अ0स0 290/2021 धारा 419,420,467,468,471,120 बी भादिव थाना व जनपद भदोही

3 मु0अ0स0 295/2019 धारा 406,420 भादिव थाना चन्दौली जनपद चन्दौली

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-**

1.उ0नि0 प्रमोद यादव थाना भदोही जनपद भदोही।

2.का0 सेराफुल , क्राइम ब्रांच भदोही।

3.का0 अहम सिहं ,क्राइम ब्रांच भदोही ।